हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 29 जुलाई 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती


तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 26. 0 डिग्री


तीसरे सोमवार पर शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़ 4





बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183



2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in


## किसानो को हो रही आर्थिक रूप से परेशानी

# धान की खेती होती जा रही महंगी प्रति एकड़ खर्च आ रहा 7 से 8 हजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बढ़ती महंगाई का असर किसानों पर पड़ रहा है। धान की खेती करना अब आसान नही है। हर साल खेती की लागत बढ़ती जा रही है। खाद, बीज के साथ मजदूरी में भी अब ज्यादा खर्च करना पड़ रहा है। दो से तीन साल में ही खेती की लागत दोगुनी हो गई है। खेती में अब प्रति एकड खर्च 7 से 8 हजार रूपए तक आ रहा है।

गौरतलब है कि जांजगीर चाम्पा जिला कृषि प्रधान माना जाता है। वही प्रदेश में सबसे अधिक धान की खेती भी होती है। साथ ही साथ प्रदेश का सर्वाधिक सिचिंत जिला भी है। बढ़ती महंगाई का असर किसाानों पर पड़ रहा है। यहां अब किसानो के लिए धान सहित अन्य फसलो की पैदावार करना आसान नही रह गया है। पहले जहां धान की प्रति एकड़ खेती महज 4 हजार रूपए तक हो जाती थी, लेकिन अब किसानो को 7 से 8 हजार रूपए तक खर्च करना पड़ रहा है। जिले में इस साल करीब 1 लाख 27 हजार हेक्टेयर रकबे में किसानो के द्वारा धान की फसल लगाई गई है। वही 1 लाख 25 हजार से अधिक किसान प्रमुख रूप से धान की खेती करते है। वही किसान खरीफ में प्रमुख रूप से धान की खेती करते है। धान में एचएमटी, स्वर्णा, स्वर्णा मासुरी, दुबराज, मोहनभोग, बासमती, महामाया की पैदावार किसानो के द्वारा की जाती है। जिले के किसान इन दिनो किसान अपने खेतो में रोपा पद्धति के माध्यम से धान की खेती करने में लगे हुए है। शासन द्वारा किसानो को जागरूक करते हुए धान के साथ साथ अन्य तरह के नगदी फसल जिनमें मूंगफली, मक्का, उडद, गेंहू, चना, मटर, सोयाबीन सहित अन्य तरह के नगदी फसल को उगाकर आर्थिक रूप से लाभ अर्जित किया जाना है। लेकिन इसे लेकर विभाग के अफसर किसानो को जागरूक तक नही कर पाते। वही दुसरी ओर किसान भी धान के अलावा अन्य तरह के फसल के उत्पादन को लेकर रूची नही दिखाते है। जिसके चलते किसानो को अपेक्षा कृत अधिक मुनाफा नही मिल पाता।



### क्या कहते हैं किसान

ग्राम कमरीद के किसान जलेश्वर कश्यप का कहना है कि खाद बीज एवं कीटनाशक दवा के दाम में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। जिसके चलते खेती किसानी करना अब महंगा होता जा रहा है। ग्राम सरवानी के किसान गजाधर साहू ने बताया कि लंबे समय से खेती किसानी का काम कर रहे हैं। साल दर साल खेती की लागत बढती जा रही है। पहले जहां 4 हजार रुपए प्रति एकड़ में धान की खेती हो जाती थी वह बढ़कर 8 हजार रुपए प्रति एकड़ हो गई है। ग्राम धाराशिव के किसान अश्वनी पटेल ने बताया कि इस साल करीब 5 एकड़ की जमीन पर धान की फसल लगाए हैं। हर साल खाद बीज एवं कीटनाशक दवा के दाम बढ़ रहे हैं जिसके कारण खेती करना मुश्किल हो रहा है। ग्राम कपन के किसान संतोष साहू ने बताया कि सेवा सहकारी समिति के माध्यम से खाद बीज खरीदी करते हैं वही धान बेचने के दौरान जो उधारी में सामान खरीदे रहते हैं उसकी भरपाई बाद में करते हैं। बढ़ती महंगाई के चलते धीरे-धीरे अब खेती करना मुश्किल हो रहा है।

### हर साल बढ़ रहे खाद और बीज के दाम

खाद और बीज के साथ ही कीटनाशक दवाओ के दाम में हर साल करीब 20 से 25 फीसदी तक बढोतरी हो रही है। जिसके चलते किसानो को बडी परेशानी होती है। जिले में 101 सेवा सहकारी समितियो का संचालन किया जा रहा है। जहां से किसान प्रमुख रूप से युरिया, डीएपी, एनपीके आदि खाद की खरीदी करते है। अधिकांश किसान सेवा सहकारी समितियो के माध्यम से खाद बीज की खरीदी करते है। वही धान बेचने के दौरान जो खाद बीज के लिए उधारी लिया जाता है, उसकी भरपाई करते है। खाद की किल्लत होने पर किसानों को निजी दुकानों से महंगी कीमत पर खरीदी करनी पड़ती है।

### देते है लाभ

किसानो के हितो को ध्यान में रखकर उन्हें शासन की योजनाओ का लाभ दिया जाता है। महंगाई को देखते हुए किसानो को लोन एवं सब्सिडी भी देते है। खाद बीज एवं कीटनाशक दवाओ के दामो मे बढोतरी शासन स्तर से की जाती है।

**-ललित मोहन भगत,**
उपसंचालक, कृषि विभाग जांजगीर

# तहसीलदार और नायब तहसीलदारों की हड़ताल से राजस्व के काम ठप

## अपनी मांगो को लेकर जिला मुख्यालय में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के तहसीलदार और नायब तहसीलदारों ने अपनी 17 सूत्रीय मांग को लेकर सोमवार को एक दिवसीय हड़ताल की। काम काज छोड़कर सभी ब्लॉक के तहसीलदार और नायब तहसीलदारों ने जिला मुख्यालय जांजगीर के हॉकी मैदान में बैठकर प्रदर्शन किया।

राजस्व विभाग के तहसीलदार और नायब तहसीलदारों ने अपनी मांगो को पुरा कराने अब आंदोलन की राह पकड़ ली है। छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के बैनर तले उन्होंने 17 सूत्रीय मांगों को लेकर सोमवार 28 जुलाई को आंदोलन किया। तहसीलदार और नायब तहसीलदारों ने एक दिवसीय अवकाश लेकर हड़ताल किया। जिले भर के तहसीलदार और नायब तहसीलदारों ने जिला मुख्यालय जांजगीर के हॉकी मैदान में प्रदर्शन कर अपनी मांगो के संबंध में आवाज बुलंद की। हड़ताल से राजस्व का काम प्रभावित हुआ। राजस्व का जमीन संबंधित न्यायालयनीय प्रकरण, आय जाति निवास प्रमाण पत्र,किसान पंजीयन, भुईयां पोर्टल सहित अन्य जरूरी काम प्रभावित हुए। छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ ने राज्य शासन एवं विभाग को लंबे समय से तहसील कार्यालयों की गंभीर समस्याओं से अवगत कराने के बावजूद अब तक कोई ठोस समाधान नहीं मिलने पर 28 जुलाई से चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की है। इसी क्रम में सोमवार को एक दिवसीय हड़ताल किया गया। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि संसाधन नहीं तो काम नहीं के सिद्धांत पर आधारित 17 सूत्रीय मांगों को लेकर लगातार ज्ञापन और आग्रह के माध्यम से शासन का ध्यान आकर्षित किया गया, लेकिन अब तक कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई है। तहसील कार्यालयों में तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को मानव संसाधन, तकनीकी उपकरण, सुरक्षा व्यवस्था, शासकीय वाहन, कार्यालयीन सहयोग जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है, जिससे नियमित कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही हैं।


जिला मुख्यालय में प्रदर्शन करते तहसीलदार व नायब तहसीलदार।

### भटकते रहे पक्षकार, समय से पहले बंद हुआ आफिस




**मालखरौदा।** तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों की हड़ताल से मालखरौदा तहसील में कामकाज पूरी तरह ठप रहा। अपना काम लेकर पहुंचे पक्षकार तहसीलदार को खोजते रहे तो कर्मचारियों द्वारा सीधा जवाब मिला कि तहसीलदार हड़ताल पर गए हैं। दूर दराज से आए ग्रामीण परेशान होते रहे। वही शाम 5 बजने से पहले ही तहसील में पदस्थ कर्मचारी कार्यालय के गेट का ताला बंद करके अपने घर को चले गए जबकि 5:30 बजे तक ऑफिस का टाईम है। तहसील परिसर में ही एसडीएम कार्यालय भी है। इसके बावजूद यहां के कर्मचारियों को एसडीएम का डर नहीं रहा। ऐसे में इस बात की जानकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को होने पर उन्होंने समय से पहले तहसील कार्यालय से चले जाने वाले कर्मचारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है। अनुविभागी अधिकारी राजस्व मालखरौदा रूपेंद्र पटेल का कहना है कि समय से पहले तहसील कार्यालय का ताला बंद कर चले जाने वाले सभी कर्मचारियों को नोटिस जारी किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### पंच दिवसीय झूलनोत्सव महोत्सव का आयोजन 3 से 7 अगस्त तक

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर के अग्रसेन भवन में 3 से 7 अगस्त तक पांच दिवसीय झूलनोसत्सव महोत्सव का आयोजन रखा गया है। श्रावण मास शुरू होते ही देवस्थान और मंदिरों में धूमधाम से झूला उत्सव की तैयारियां शुरू हो जाती हैं । कुछ लोग भगवान के श्रीविग्रह को रखकर झूला सजाते हैं तो कुछ लोग सामूहिक रुप में यह आयोजन करते हैं। युवराज स्वामी रामकृष्णाचार्य के सानिध्य में भगवान श्रीकृष्ण-राधा के झूलनोत्सव महोत्सव का आयोजन 3 से 7 अगस्त से किया जा रहा हैं। बसईवाल परिवार के द्वारा श्रीव्यंकटेश झूलनोत्सव की धूम मचेगी अग्रसेन भवन नैला-जांजगीर में भक्ति की बयार बहेगी।

### प्री इंजीनियरिंग, मेडिकल प्रवेश परीक्षा कोचिंग के लिए आवेदन 11 तक

**जांजगीर-चांपा।** वर्ष 2025-26 में राज्य के अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के अभ्यर्थी जो ड्राप लेकर इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं। ऐसे इच्छुक पात्र अभ्यर्थियों से 11 अगस्त समय सायं 04 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। योजना से संबंधित आवेदन पत्र का प्रारूप, नियम तथा शर्तें इत्यादि विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट एवं जिले की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### कृषकों के फार्मर रजिस्ट्री के लिए 31 तक समितियों में कैम्प का आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** भारत सरकार कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा छ.ग. राज्य में एग्रीस्टेक परियोजना अंतर्गत कृषक पंजीयन का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है। शासन के निर्देशानुसार वर्ष 2025-26 में धान खरीदी कृषक पंजीयन के आधार पर किया जाना है। इसके लिए समितिवार दल गठित की गई है।

# बाइक चोरी करने वाला गिरोह पकड़ा गया, 4 बाइक बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अलग अलग जगहों से मोटरसायकल की चोरी करने वाले गिरोह को अकलतरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 4 बाइक को बरामद किया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पचरी निवासी चंद्र कुमार पटेल अपनी मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स को 15 जलाई की रात्रि में घर के बाउण्ड्रीवाल में रखा था, जिसे अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई। रिपोर्ट पर थाना अकलतरा में धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। थाना स्तर पर टीम गठीत कर एवं सायबर सेल जांजगीर के सहयोग से आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान रवि निर्मलकर ने बताया कि बिलासपुर मंगला चौक से पैशन प्रो सीजी 10 एबी 7613, कोरबा से मोटरसायकल क्रं.सीजी 12 बीजी 4734 एवं पचरी दल्हा से मोटरसायककल डीलक्स सीजी 11 एआर 4899 की चोरी करने के बाद उसके दोस्त निकेश निषाद उम्र वर्ष 20 निवासी नायक टांड सब्जी मंडी रोड अकलतरा, सुमित सतनामी उम्र 20 वर्ष निवासी वार्ड 5 जैतखम्भा अकलतरा एवं मुकेश कुमार उम्र 23 वर्ष निवासी सिचाई कांलोनी अकलतरा को बेचने के लिए ग्राहक ढुंढने के लिए भेजते थे। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। पुलिस ने यह भी बताया कि मोटरसायकल क्रमांक सीजी 11 एई 0218 को घटना करते समय उपयोग में लाया गया। कार्यवाही मे थाना प्रभारी भास्कर शर्मा , सहायक उप निरीक्षक राजेन्द्र क्षत्रिय, कमल क्षत्रिय, अजित राज एंव सायबर सेल जांजगीर का योगदान रहा।



जब्त बाइक के साथ आरोपी।

### तालाब में नहाने गए नाबालिग की डूबने से मौत

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम पंचायत चंदनिया निवासी अर्जुन सिंह मौवार 17 वर्ष पिता सरोज कुमार मौवार रविवार सुबह रोज की तरह तालाब में नहाने गया था, लेकिन जिंदगी की आखिरी सुबह बन गई। परिजनों ने बताया कि अर्जुन को मिर्गी के दौरे पढ़ते थे इस वजह से वह तालाब में डूब गया, यह कोई अकेला मामला नहीं है, अकलतरा ब्लाक इन दीनों मासूमों की दर्दनाक मौतों का गवाह बनता जा रहा है, बीते एक सप्ताह में डूबने की यह तीसरी घटना है, दो दिन पहले ही ग्राम पंचायत बरगवां की एक बच्ची तालाब में डूब कर अपनी जान गवा बैठी थी। इधर अकलतरा पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

# महिला ने प्रेमी के साथ मिलकर की पति की हत्या, दोनों आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

विवाहित महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति को मौत के घाट उतार दिया। महिला की शादी 15 साल पहले हुई थी। सालभर से महिला का एक अन्य युवक से प्रेम संबंध चल रहा था। दोनों ने मिलकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम कोटमी सोनार का है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोटमी सोनार निवासी अमरनाथ केंवट की 15 साल पहले ईश्वरी बाई केंवट के साथ शादी हुई थी। दोनों के 2 बच्चे भी हैं। सालभर से ईश्वरी बाई का मुंगेली जिले के रौना कापा निवासी युवराज निषाद से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी बात को लेकर ईश्वरी बाई और उसके पतिअमरनाथ का आएदिन विवाद होता रहता था। महिला कुछ दिन पहले अपने प्रेमी के साथ पुणे तरफ भाग गए थे। फिर वापस बिलासपुर में आकर दोनों साथ रह रहे थे। ईश्वरी केवट का पति अमरनाथ किसी तरह उसे मनाकर हालही में कोटमी सोनार लाया था। रविवार 27 जुलाई को दोपहर लगभग 3 बजे युवराज निषाद कोटमीसोनार आया और अमरनाथ के घर के पीछे से घर में घुसा बड़ी में रखे कुदाल को अंदर लेकर गया और अमरनाथ के चेहरे में ताबड़तोड हमला कर दिया। हमले में अमरनाथ की पत्नी ने भी अपने प्रेमी का साथ दिया। उसके बाद युवराज कुदाल को लेकर ईश्वरी के मदद से भाग गया और लीलगर नदी किनारे कुदाल को फेक दिया। इधर पुलिस ने त्वरित जांच करते हुए युवराज और ईश्वरी बाई को पकड़ लिया। पूछताछ में दोनों ने प्रेम प्रसंग के चलते अमरनाथ की हत्या करने की बात कबूल की। युवराज की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त कुदाल को जप्त किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को धारा 103(1),3(5) बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर 28 जुलाई को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।



# मारपीट के आरोपी की बम्हनीडीह थाने में पिटाई का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

मारपीट के केस में थाने पहुंचे एक आरोपी ने थाने में उसकी पिटाई करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि न्यायालय ले जाने से पहले थाना परिसर में एएसआई ने उसकी पिटाई की है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मारपीट के मामले में कपिस्दा निवासी ठाकुर सिंह चंद्रभास को बम्हनीडीह पुलिस ने गिरफ्तार किया था। कोर्ट ले जाने से पहले थाने में उसकी पिटाई करने का आरोप ठाकुर सिंह चंद्रभास ने लगाया है। आरोप है कि जब उसे न्यायालय ले जाया जा रहा था, उससे पहले ही थाने में मौजूद एएसआई टैगोर ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित के हाथों पर चोट के निशान साफ देखे जा सकते हैं। पीड़ित ने न्यायालय में जज के सामने भी अपनी आप बीती बताई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बम्हनीडीह थाने में यह कोई पहली घटना नहीं है। इधर इस मामले में जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू का कहना है कि पुलिस द्वारा इस तरह की बर्बरता बहुत ही निंदनीय है। विधायक ने आरोप लगाया है कि भाजपा सरकार में पुलिस प्रशासन पूरी तरह दबंगई में उतर आई है। किसी भी मामले में थाना आए आरोपी के साथ थाना में मारपीट करना गलत है। मारपीट करने वाले पुलिसकर्मी पर कार्यवाही नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने की बात विधायक ने कही है।


चोट के निशान दिखाता युवक।

### कराएंगे जांच

पुलिस थाना में किसी के साथ भी मारपीट करना गलत है। इस मामले की जांच कराई जाएगी।

**-विजय कुमार पाण्डेय,**
एसपी, जांजगीर चांपा

## जगह जगह होगा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

# नागपंचमी आज, दल्हा पहाड़ व कैथा में लगेगा मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नागदेवता के आराधना का पर्व नाग पंचमी मंगलवार 29 जुलाई को अंचल में हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाएगा। श्रद्धालु नाग देवता की पूजा करेंगे। इस मौके पर जिले के जैजैपुर ब्लाक के ग्राम कैथा के बिरतिया बाबा, अकलतरा के पास स्थित दल्हा पहाड़, नवागढ़ विकासखंड के ग्राम बर्रा में मेला लगेगा। साथ ही साथ जगह जगह कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा।

ज्ञात हो कि 29 जुलाई को सावन महीने के शुक्ल पक्ष पंचमी को हिन्दु धर्मावलंबियों के द्वारा नागपंचमी का त्यौहार उल्लास के साथ मनाया जाता है। खास कर ग्रामीण अंचलों में दोने में दूध और लाई डालकर घर के बाड़ी कोठी व शिवालयों में रखा जाता है। लोगों में ऐसी मान्यता है कि इस दिन नागदेवता की पूजा करने से सर्प काटने का खतरा टल जाता है। नागपंचमी के दिन जिले के कई देव स्थानों में एक दिवसीय मेला लगता है। इसी प्रकार ग्राम कैथा में 29 जलाई को नाग पंचमी के अवसर पर भव्य मेला लगेगा। इस दिन बाबा बिरीतिया का दर्शन करने तड़के 4 बजे से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। बाबा बिरीतिया का दर्शन करने के लिए दूरदराज के भक्त अपने हाथ में नारियल, प्रसाद, फल और अगरबत्ती लेकर पहुंचते है। यहां भव्य मेला का आयोजन होने से लोगों परिवार सहित मेला का आनंद उठाने पहुंचते है। इधर पुलिस प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किया गया है।



### दल्हा पहाड़ में दिखेगी भीड़

अकलतरा। नगर के समीप दलह पहाड़ के पर नागपंचमी का मेला लगेगा। इस मेले में दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचते है तथा पर्वतारोहण का आनंद लेते है। नगर के उत्तर दिशा में 8 कि.मी. दूर स्थित 5 पर्वत श्रेणियों का समूह दल्हा पहाड़ के नाम से जाना जाता है। मां भगवती विश्वेश्वरी के रूप में पूजित इस पर्वत में परंमरागत रूप से नागपंचमी पर्व पर मेला लगता है।


ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई
ITI AKALTARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass) • FITTER* 2 Year (10th Pass)
मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3, बलौदा रोड, अकलतरा , (जांजगीर-चांपा)
89595-93946 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की तैयारी शुरू, बैठक में बनी रूपरेखा



**चांपा।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव को लेकर चाम्पा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी तैयारियां शुरू हो गई हैं। संयुक्त रूप से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव आयोजन समिति, चाम्पा की बैठक यादव भवन, बरपाली चाम्पा में संपन्न हुई। बैठक में महोत्सव के विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई।बैठक में निर्णय लिया गया कि 14 अगस्त को यादव समाज की विशाल बाइक रैली चाम्पा नगर में भ्रमण करेगी, जो जांजगीर के कचहरी चौक में समापन के साथ समाप्त होगी। 15 अगस्त को गांधी भवन चाम्पा में पारंपरिक रूप से मटका सज्जा, झूला सज्जा एवं श्री राधा-कृष्ण रूप सज्जा जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 16 अगस्त को जांजगीर में भव्य शोभायात्रा एवं विभिन्न मंचीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होंगे। बैठक में यादव समाज के वरिष्ठजनों एवं पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रमुख रूप से उपस्थित गणमान्यजनों मेंएल.पी. अहीर, टीकम यादव, राजेश अहीर, आशुतोष गोपाल, विनोद गोपाल, सुदेश अहीर, जीवन यादव, सुभाष चंद्र यादव, विद्याभूषण गोपाल, पार्षद विष्णु यादव, एस.पी. छोटू यादव, गौतम यादव, अजय यादव, सोनू यादव, विनोद कुमार यादव, शिवनारायण यादव एवं हेमंत यादव आदि शामिल रहे। बैठक में समाज की एकता, परंपराओं के संरक्षण तथा सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने पर भी विशेष बल दिया गया। आयोजन समिति ने सभी समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रमों में शामिल होने की अपील की है।

### मासिक रामायण पाठ में उमड़ रही भक्तों की भीड़

**जांजगीर-चांपा।** श्री हरि महिला मानस मंडली द्वारा पवित्र सावन मास में मासिक रामायण पाठ का आयोजन शारदा मंदिर परिसर जांजगीर में हो रहा है, जिसमें भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। रामायण पाठ में लोकगायिका कवयित्री डॉ. सुश्री लक्ष्मी करियारे व कवि गीतकार छालीवुड अभिनेता, कॉमेडियन डॉ. सूरज श्रीवास का आगमन हुआ। उन्होंने श्री राम रस भक्ति गायन से सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। मंडली के अध्यक्ष श्रीमति चमेली साहू ने बताया पवित्र सावन मास में रामायण पाठ भक्ति की धारा चल रही है। इस भक्ति रूपी गंगा में डुबकी लगाने महिलाओं की भीड़ देखते बन रही है। समिति के पदाधिकारी व सदस्य प्रसाद की व्यवस्था का जिम्मा आगे आगे से ले रहे। अच्छे अच्छे गायक कलाकार रामायण पाठ में पहुंच रहे है। गायक कलाकार सुश्री लक्ष्मी करियारे व सूरज श्रीवास को पार्षद श्रीमति मनीषा गोपाल,चमेली साहू,धन्नो सिंघानिया,निशा मिश्रा,पूजा गुप्ता,विभा उपाध्याय सहित पदाधिकारियों ने स्मृति चिन्ह,साल,श्रीफल से सम्मानित किया। इस दौरान श्रीमती मंजू सिंघानिया, श्रीमति दीप श्री साहू, श्रीमती आशा दुबे, श्रीमती ममता यादव ,श्रीमती सरोजिनी साहू, श्रीमती भारती यादव, श्रीमती पुष्पा गोपाल, श्रद्धा यादव, स्मृति, दिव्या यादव, संतोषी साहू शामिल रहे।

### कलेक्टर ने आत्मानंद स्कूल के प्रभारी प्राचार्य को किया कार्यमुक्त

**जांजगीर-चांपा।** व्याख्याता एल.बी. (अंग्रेजी) अमित मेसी शासकीय हाईस्कूल सिंउड़ को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नवागढ़ के प्रभारी प्राचार्य के रूप में आगामी आदेश तक अस्थायी रूप से कार्य करने के लिए पदस्थ किया गया था। चूंकि शास. हाईस्कूल सिंउड़ में अंग्रेजी विषय का शिक्षक नहीं होने से बच्चों का अध्यापन कार्य प्रभावित हो रहा है। छात्रहित को ध्यान में रखते हुए अमित मेसी को उनके मूल शाला शासकीय हाईस्कूल सिंउड हेतु तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त किया गया है। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने उनके स्थान पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नवागढ़ का प्रभारी प्राचार्य राजकुमार तिवारी जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा को बनाया है। साथ ही कलेक्टर श्री महोबे ने माइग्रेशन प्रमाण पत्र एवं अंकसूची जारी किये जाने के संबंध में व्याख्याता शास. उच्च. मा. विद्यालय नवागढ़ के विरूद्ध विभागीय जांच संस्थित किये जाने की अनुशंसा सहित आवश्यक कार्यवाही हेतु संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय को पत्र प्रेषित किया है।

#### कलेक्टर ने एग्रीस्टैक पंजीयन की धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी

# जर्जर भवन में स्कूल व आंगनबाड़ी संचालित होने पर संबंधित विभाग के अधिकारी होंगे जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर जन्मेजय महोबे।

साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने सभी विभागों की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति में तेजी लाई जाए। पीएम आवास अंतर्गत प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से संज्ञान लेकर तत्काल निराकरण किया जाए।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सोमवार 28 जुलाई को आयोजित समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने कहा कि पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ मिलना चाहिए, और किसी तरह की कोई शिकायत नहीं आना चाहिए, अन्यथा संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने पीएम आवास पोर्टल में जियो टैग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने यह भी कहा कि यदि किसी भी स्तर पर पीएम आवास योजना से संबंधित कोई शिकायत प्राप्त होती है, तो उसकी तत्काल जांच कर त्वरित निराकरण किया जाए। उन्होंने स्थानीय स्तर पर सतत निगरानी और समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री महोबे ने ऐसे स्कूल या आंगनबाड़ी केंद्र जो पूर्णतः जर्जर हो चुके हैं और जिनकी मरम्मत संभव नहीं है, उन्हें तत्काल उपयोग से बाहर किया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है, अतः वैकल्पिक स्थान की शीघ्र व्यवस्था की जाए। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही, जो भवन पूरी तरह अनुपयोगी हो चुके हैं, उन्हें विधिवत डिस्मेंटल की प्रक्रिया की जाए। बैठक में पीडब्ल्यूडी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न विभागों द्वारा संचालित निर्माण कार्यों की समीक्षा की और निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष जोर देते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर निर्माण कार्य पूर्ण करने और नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह के गरिमामय आयोजन की तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मंच, परेड एवं रिहर्सल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, आमंत्रण कार्ड, बैठक व्यवस्था, साज-सज्जा, बेरिकेटिंग, विद्युत व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने कहा। इसके साथ ही सभी ऐतिहासिक स्थलों पर साफ-सफाई, सजावट और आवश्यक व्यवस्थाएं करने कहा। इस दौरान उन्होंने प्रभात फेरी, ध्वजारोहण, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं शहीद परिवारों को सम्मान सहित आमंत्रित किये जाने के निर्देश दिए। सभी शासकीय भवनों पर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण के तहत ग्राम पंचायतों का स्वच्छता एवं साफ-सफाई का आंकलन कर रैंकिंग किया जाना है। ग्राम पंचायतों में स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण का प्रचार प्रसार करने, दीवाल लेखन सहित अन्य निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने एग्रीस्टैक पंजीयन की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और उपसंचालक कृषि को प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही आयुष्मान भारत योजना, वय वंदन योजना, श्रमिक पंजीयन जैसे कार्यों को एकीकृत रूप से एक ही स्थान में शिविर लगाकर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को बार-बार भटकना न पड़े, इसके लिए सभी विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर समान तिथि पर, एक ही परिसर में सभी आवश्यक सेवाएं प्रदान की जाएं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। रजत जयंती वर्ष में जिले की विकास यात्रा, सांस्कृतिक धरोहर, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, कृषि, और ग्रामीण विकास से संबंधित उपलब्धियों को आम जनता तक पहुंचाने हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, आर.के. तंबोली, श्रीमती आराध्या राहुल कुमार सहित सभी विभागीय अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### जनदर्शन में सुनी आमजनों की मांगें एवं समस्याएं

कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जिले के नागरिकों की समस्याएं, शिकायतें एवं मांगों को सुना तथा अधिकारियों को जनदर्शन में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के साथ गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में कुल 42 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में तहसील चांपा के ग्राम महुदा निवासी प्रेमसिंह धनवार ने ट्राई सायकल प्रदान करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि उनकी दिव्यांगता के कारण उन्हें आने-जाने में कठिनाई होती है और उन्हें कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस पर कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार सारागांव तहसील के देवरी गांव से पहुंची मीनाबाई ने अपने पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में नाम सुधार की मांग रखी। इस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को आवेदन अग्रेषित करते हुए तुरंत आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए। तहसील अकलतरा अंतर्गत ग्राम अमरताल निवासी देवनंदन जांगड़े ने अपने पुत्र की अंकसूची में जन्मतिथि सुधार के लिए आवेदन प्रस्तुत किया।



पोस्टर अनावरण कर अभियान की शुरुआत करते मुख्यमंत्री एवं अन्य।

## स्वस्थ एवं सुखमय जीवन के लिए गौवंश अत्यंत आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शासकीय, अशासकीय विद्यालय और महाविद्यालयों में विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी गौ विज्ञान परीक्षा 4 नवम्बर को आयोजित की जावेगी। लगभग 10 हजार विद्यालयों एवं 1000 उच्च शिक्षण संस्थानो तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है।

■ **शासकीय, अशासकीय विद्यालय और महाविद्यालयों में 4 नवम्बर को आयोजित होगी गौ विज्ञान परीक्षा**

गौसेवा के साथ साथ घर ,घर किचन गार्डन के निर्माण पर भी इस वर्ष इस अभियान में फोकस रहेगा। गौवंश न सिर्फ धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है अपितु उसका पर्याप्त वैज्ञानिक आधार भी है। हमारे स्वस्थ एवं सुखमय जीवन के लिए गौवंश अत्यंत आवश्यक है। यदि गोवंश नहीं रहेगा तो सृष्टि भी समाप्त हो जाएगी। गौवंश का हमारे जीवन में महत्व ना जान पाने के कारण समाज, गौसेवा एवं गौपालन से विमुख हो रहा है, जिसके कारण गौवंश सड़कों पर आ गया है । प्रतिदिन दुर्घटनाएं घट रही है जिसमें गौवंश के साथ-साथ इंसानों की भी क्षति हो रही है। हमारा स्पष्ट मानना है कि गौवंश की चिंता सरकार के साथ-साथ समाज को भी करने की आवश्यकता है। विगत वर्ष भी सफलतापूर्वक आयोजन किया गया जिसमें पूरे प्रदेश से एक लाख से अधिक प्रतिभागी सम्मिलित हुए। इस वर्ष पुनः आगामी 4 नवंबर को यह परीक्षा पूरे प्रदेश में एक साथ आयोजित की जाएगी। माध्यमिक,उच्च माध्यमिक एवं महाविद्यालय इन तीन श्रेणी में आयोजित होने वाली परीक्षा में प्रदेश स्तर पर प्रथम आने वाले प्रत्येक विजेता को 51 हजार नगद, द्वितीय को 31 हजार एवं तृतीय को 11 हजार पुरस्कार एवं गौमय उत्पाद का किट प्रदान किया जाएगा। इसी प्रकार जिला स्तर पर क्रमशः प्रथम , द्वितीय, तृतीय आने वालों को 3100 ,2100, 1100 नगद एवं गौ उत्पाद कीट प्रदान किया जाएगा। भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को संस्था द्वारा गौ विज्ञान ग्रंथ एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। इच्छुक विद्यार्थी परीक्षा में पंजीयन हेतु अपनी संस्था के प्राचार्य/गौ विज्ञान प्रभारी से संपर्क कर सकते हैं। परीक्षा के प्रारंभिक चरण में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गौ विज्ञान परीक्षा के पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर सुबोध राठी परीक्षा प्रांत प्रमुख, ईरन्ना सपारे प्रांत संयोजक, मनोज पाण्डेय परीक्षा प्रांत उप प्रमुख, डॉ अमित पाण्डेय, अश्वनी कुमार चौधरी, श्रीमती लालिमा जायसवाल, दुलार सिंह सिन्हा, चंद्र प्रकाश अग्रवाल, डॉ गजेंद्र तिवारी, देवेंद्र गवेल, कृष्ण चंद्र प्रधान, मुकेश कुमार साहू, योगेश्वर प्रसाद यादव, अरुणाचल कौशल, गुरमीत सिंह, सुभाष कुमार साहू, रेमन नांद्रे, रमनलाल साहू, रत्नाकर खटीक, शंभू दास महंत उपस्थित थे।



## गायत्री परिवार की जिला समन्वय समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

गायत्री शक्तिपीठ सक्ती में 27 जुलाई को शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशानुसार छ ग प्रांतीय युवा संयोजक ओमप्रकाश राठौर, बिलासपुर उप जोन समन्वयक धन साय बैगा एवं वरिष्ठ प्रज्ञा पुत्र एस एल बरेठ की उपस्थिति में नवगठित जिला सक्ती का गायत्री परिवार सक्ति के जिला समन्वय समिति का गठन किया।

6 जून को आयोजित हसौद की प्रथम बैठक में प्रांतीय जोन समन्वयक आदर्श वर्मा एवं शांतिकुंज में जोन प्रभारी सुखदेव निर्मलकर के द्वारा शक्ति जिला समन्वयक की घोषणा की गई थी। इसमें भगतराम साहू ब्लॉक शक्ति को जिला समन्वयक की घोषणा की गई एवं जिला उप समन्वयक गिरधर प्रसाद साहू ब्लॉक मालखरौदा की घोषणा की गई एवं जिला समन्वयक समिति के गठन को आपसी सामंजस के साथ करने की बात कही गई थी इस तारतम्य में रविवार 27 जुलाई को बैठक आयोजित की गई ,जिसमें शेष 10 प्रभारी सदस्यों की चयन की गई जिसमें कार्यालय प्रभारी महेश राम साहू ब्लॉक सक्ती , विद्या विस्तार संयोजक घासीराम जगत डभरा, कार्यक्रम एवं प्रशिक्षण संयोजक तेज बहादुर आदित्य , लेखा अनुदान कोष प्रकाश चंद देवांगन सक्ती , भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा संयोजक राधे श्याम चंद्रा शक्ति, ट्रस्ट प्रतिनिधि राजकुमार पटेल सक्ती ,रचनात्मक आंदोलन संयोजक राजकुमार साहू जैजैपुर, मीडिया एवं जनसंचार प्रभारी जितेंद्र साहू जैजैपुर,नारी जागृति अभियान प्रभारी श्रीमती नेहा गुप्ता शक्ति एवं सहयोगी शारदा निषाद डभरा, युवा जागृति अभियान प्रभारी नीलकंठ साहू डभरा एवं सहयोगी अशोक आदित्य जैजैपुर को बनाया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 150 की संख्या में गायत्री परिवार के सक्रिय सदस्य पहुंचे थे। भोजन प्रसाद उपरांत युवा जागृति अभियान के अंतर्गत यूथ सुपर हंड्रेड की कार्यशाला को अतिथियों ने संबोधित किय। अंत में युवा प्रकोष्ठ के प्रांतीय समन्वयक ओ पी राठौर द्वारा संबोधित किया गया। राजकुमार पटेल मुख्य प्रबंध ट्रस्टी द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया एवं कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई।

### मां समलेश्वरी मंदिर में ज्योति कलश रसीद वितरण की प्रक्रिया आज से शुरू

**चांपा।** मां समलेश्वरी मंदिर चांपा में आगामी धार्मिक आयोजन को लेकर मंगलवार 29 जुलाई से ज्वारा ज्योति कलश की रसीद वितरण प्रक्रिया मंदिर प्रांगण में प्रारंभ की जाएगी। यह प्रक्रिया दोपहर 3 बजे से आरंभ होगी। मंदिर समिति द्वारा जारी जानकारी के अनुसार श्रद्धालु घृत जंवारा कलश 1301, तेल जंवारा कलश 901, घृत ज्योति कलश 1101, तेल ज्योति कलश 701 निर्धारित की गई है। मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं से समय पर पहुंचकर रसीद प्राप्त करने तथा श्रद्धा, अनुशासन एवं समर्पण के साथ धार्मिक आयोजन में भाग लेने अपील की है। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि क्षेत्रीय सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखने का एक विशेष अवसर भी है। मंदिर परिसर में व्यवस्था के भी समुचित प्रबंध किए जा रहे हैं।

## सावन तीज पर श्याम मंदिर से पदयात्रा करते परसाहीधाम पहुंचे कांवरिये, किया जल अर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



सावन के पवित्र महीने में सावन तीज के उपलक्ष में श्री श्याम मंदिर अकलतरा से 40 से 50 कांवरिये डीजे की धुन पर बोल बम का नारा लगाते हुए लगभग तीन से चार किलोमीटर दूर बाबा पारसनाथ धाम पदयात्रा करते हुए पहुंचे।

उन्होंने अपने मनोकामना की पूर्ति हेतु विधि विधान से पूजा अर्चना कर जल अर्पित किया। इस अवसर पर यात्रा मार्ग में श्री विकास तुलसियन के द्वारा जलपान की व्यवस्था की गई थी। कांवड़ यात्रा में महिलाएं, पुरुष व बच्चे बड़ी संख्या में शामिल थे। उल्लेखनीय है कि सावन का महीना हिंदू धर्म में बहुत महत्व रखता है, यह भगवान शिव को समर्पित है। इस महीने में भगवान शिव की पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इस महीने में माता पार्वती ने भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए कठोर तपस्या की थी। वहीं सावन के महीने में कांवड़ यात्रा एक महत्वपूर्ण धार्मिक उत्सव है, जिसमें भक्त गंगाजल भरकर शिवलिंग पर चढ़ाते हैं। यह यात्रा भगवान शिव के प्रति अटूट श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक है।

**न्यायालय कार्यपालक दण्डाधिकारी एवं तहसीलदार नवागढ़, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
क्रमांक/465/ तह./ज.मृ./202.....
नवागढ़, दिनांक / /202...

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ठंडाराम पिता कार्तिकराम जाति कुर्मी साकिन कर्रा तहसील व थाना नवागढ़ जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) द्वारा प.ह.नं. 08 ग्राम कर्रा में अपने/ अपनी (रिश्ता लिखे) पुत्र नाम प्रमोद कुमार कुर्मी के जन्म दिनांक 18/7/1997 को होने से जन्म पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति हो, तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सुनवाई दिनांक 31/7/25 के पूर्व पेश कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 15/7/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**कार्यपालक दण्डाधिकारी नवागढ़**

**राजस्व मामले में नोटिस**
**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
अ.प्र.क्र.202210060100003/अ-89(15)/2022-23
ग्राम-झूलन तहसील-पामगढ़

पक्षकार :- श्रीमती चमेली दिव्य पति महेन्द्र कुमार दिव्य निवासी झूलन पो. आ. पकरिया तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)................अपीलार्थी

**बनाम**

कु. रोशनी चौहान वगैरह

प्रति, 1. कु. शशी पिता देवीराम निवासी ग्राम झूलन तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) 2. कुमारी दिप्ती कश्यप पिता शिशुपाल निवासी ग्राम झूलन तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर -चांपा (छ.ग.) 3. खुशबू चौहान पिता चमरू चौहान निवासी ग्राम झूलन तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) 4. मंजू चौहान पिता चमरू निवासी ग्राम झूलन तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) 5. ममता चौहान पति किशन चौहान निवासी ग्राम झूलन तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर -चांपा (छ.ग.) 6. सुमन सिंह क्षत्रिय पति अभिलाप सिंह निवासी झूलन तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर -चांपा (छ.ग.) 7. कुमारी दीक्षा पिता धरमलाल श्रीवास सा. झूलन तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) 8. पूर्णिमा कश्यप पिता जितेन्द्र कश्यप निवासी ग्राम झूलन तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर -चांपा (छ.ग.)

अपीलार्थी श्रीमती चमेली दिव्य पति श्री महेन्द्र कुमार दिव्य निवासी झूलन ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपंद पंचायत पामगढ़ द्वारा जारी आंगनबाड़ी सहायिका नियुक्ति आदेश दिनांक 29.08.2022 के विरूद्ध अपील प्रस्तुत कर उक्त आदेश को निरस्त करने की मांग की गई है। आपको पक्षकार के रूप में संयोजित किया गया है। आपको इस न्यायालय में दिनांक 08.08.2025 को दिन के 11.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात होने के लिय समय किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवानो प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सभी प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में आपकी उपसंजाति के लिए, नियत दिनांक 08.08.2025 है वह इस वाद के निपटारे के लिए नियत है।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारिख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

आज दिनांक 18/7/2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की सील मुद्रा लगा कर जारी

**अतिरिक्त कलेक्टर**
**जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**


# TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का **राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
जांजगीर-चांपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।

पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
जांजगीर-चांपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,

दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
नेत्र रोग विभाग
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics(GOLD MEDALIST), M.P.H
दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतो से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओ का इलाज

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क

मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., जेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॉजी, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक धर्म सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में बदलाव, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिशर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरिकोसिल, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरॉइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन

पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# किंगडम का ट्रेलर रिलीज पुलिस की वर्दी में दिखे विजय

**मुंबई।** साउथ के अभिनेता विजय देवरकोंडा की फिल्म 'किंगडम' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म में विजय एक अंडरकवर जासूस की भूमिका निभा रहे हैं। ट्रेलर में वह अपने भाई के लिए लड़ते हुए नजर आ रहे हैं। इस फिल्म को हिंदी में 'किंगडम' नहीं बल्कि 'साम्राज्य' के नाम से रिलीज किया जाएगा। ट्रेलर की शुरुआत एक आवाज से होती है। इसमें सुना जा सकता है 'तुझे एक इमरजेंसी ऑपरेशन के लिए अंडरकवर जासूस बनना पड़ेगा।' इसके बाद ट्रेलर में विजय को दिखाया जाता है। फिर आवाज आती है तुझे अपनी मां, काम और घर सब छोड़ना पड़ेगा। इसके बाद विजय पुलिस की वर्दी में नजर आते हैं।

लाइफ Style

# दीपिका

## सिनेमा से इतर काम के लिए मिली तारीफ

बॉलीवुड स्टार दीपिका पादुकोण लगातार कई उपलब्धियों को छू रही हैं। हाल ही में उन्हें 'द शिफ्ट' की सबसे मशहूर 90+ वुमन शेपिंग कल्चर सूची में शामिल किया गया है। इस लिस्ट में सेलेना गोमेज, एंजेलिना जोली और जोया अख्तर जैसी हस्तियों को शामिल किया गया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

इस सूची में दुनिया भर की वैश्विक प्रभाव वाली महिलाओं को शामिल किया जाता है। इस लिस्ट में शामिल होकर दीपिका पादुकोण काफी खुश हैं। उन्होंने अपनी खुशी का इजहार इंस्टाग्राम पर किया है। उन्होंने एक पोस्ट में लिखा 'द शिफ्ट हमारे भविष्य को आकार देने वाली 90 आवाजों का सम्मान कर रहा है। इस सम्मान के लिए आभारी हूं।' दीपिका ने अपनी तस्वीर शेयर करते अपनी कामयाबी के बारे में लिखा है। उन्होंने कहा 'मेरे लिए, सफलता केवल पेशेवर उपलब्धियां नहीं हैं। बल्कि, मैं अच्छी रहूं यह भी मेरी कामयाबी है। मेरे लिए मानसिक स्वास्थ्य, खुद की देखभाल, अनुशासन और दृढ़ संकल्प की तरह जरूरी है। मैं उन लोगों को प्रेरित करने की कोशिश करती हूं जो सब्र और प्रामाणिकता को अहमियत देते हैं।' इस लिस्ट में दीपिका का नाम सिनेमा से परे उनके प्रभाव को दर्शाता है। दीपिका 'लिव लव लाफ फाउंडेशन' के जरिए मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के लिए काम करती हैं। इस पहल के जरिए दीपिका ने देश ही नहीं दुनिया में भी दिमागी सेहत के बारे में बातचीत को सामान्य बनाने में मदद की है। दीपिका अब अपनी अगली बड़ी फिल्म के लिए तैयार हैं। वह वह जल्द ही फिल्म 'एए2222xए6' में नजर आने वाली हैं। इसका निर्देशन एटली कर रहे हैं।



हॉलीवुड मसाला



# कोचर वीक 2025 के लिए आईं भारत

**दिल्ली।** ब्राजील की मशहूर सुपरमॉडल एलेसेंड्रा एम्ब्रोसियो को इंडिया में स्पॉट किया गया। हाल ही में दिल्ली एयरपोर्ट पर एलेसेंड्रा अपनी बेटी के साथ नजर आईं। दरअसल, एलेसेंड्रा भारत की सबसे चर्चित फैशन शोज में से एक कोचर वीक 2025 में हिस्सा लेने के लिए आई हैं और इसमें भी वो किसी आम मॉडल की तरह नहीं, बल्कि डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की शो-स्टॉपर बनकर रैंप पर उतरने वाली हैं। एलेसेंड्रा एम्ब्रोसियो को मनीष मल्होत्रा ने अपने खास कलेक्शन को पेश करने के लिए इनवाइट किया है और एलेसेंड्रा न सिर्फ वॉक करने वाली हैं, बल्कि शो की मुख्य आकर्षण यानि शो-स्टॉपर भी होंगी।



# निकोलज ने साउथ इंडिया की डिश का लिया आनंद

**मुंबई।** हॉलीवुड सीरीज 'गेम ऑफ थ्रोंस' के कलाकार निकोलज कोस्टर वाल्डो इन दिनों भारत दौरे पर हैं। हाल ही में उन्हें बेंगलुरू के एक कैफे में देखा गया। यहां उन्होंने साउथ इंडिया की मशहूर डिश का लुत्फ लिया। हॉलीवुड अभिनेता सिंपल ड्रेस जींस और टीशर्ट में नजर आए। निकोलज कोस्टर वाल्डो का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कई लोग उनके आस-पास हैं लेकिन उन्हें कोई नहीं पहचान रहा है। इसके बाद एक फैन ने उनका वीडियो बनाया और उनके साथ सेल्फी ली। हालांकि इस बात की उन्हें जानकारी नहीं हुई। वीडियो में देखा जा सकता है कि निकोलज टेबल पर अपने दोस्तों के साथ बातचीत कर रहे हैं। कैफे में अभिनेता ने इडली, डोसा और वड़ा खाया। ये तीनों साउथ इंडिया की मशहूर डिशेज हैं। एक तस्वीर में अभिनेता ने अपने दोस्तों के साथ रेस्टोरेंट के बाहर कई पोज दिए।



# अनीत वेब सीरीज न्याय में आएंगी नजर

**मुंबई।** अनीत पड्डा इन दिनों छाई हुई हैं। अपनी फिल्म 'सैयारा' के साथ वो 'नेशनल क्रश' बन चुकी हैं। अब उनके अगले प्रोजेक्ट को लेकर जोरशोर से चर्चा हो रही है। वो अब ओटीटी पर नजर आ सकती हैं। उनकी वेब सीरीज का नाम 'न्याय' है, जिसकी शूटिंग वो पिछले साल कर चुकी थीं। मोहित सूरी की हालिया रिलीज 'सैयारा' से अनीत पड्डा रातोंरात फेमस हो चुकी हैं। अब उनके अगले प्रोजेक्ट को लेकर नई खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि वो एक ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कोर्टरूम ड्रामा वेब सीरीज में नजर आएंगी, जिसकी शूटिंग वो सैयारा से पहले ही कर चुकी थीं। अनीत पड्डा का यशराज फिल्म्स के साथ तीन फिल्मों को लेकर स्पेशल कॉन्ट्रैक्ट है। इसके बावजूद वो वीआरएफ से अलग एक प्रोजेक्ट न्याय में दिखेंगी।



# थामा में दिखेगी वैंपायर-भेड़िए की टक्कर

**मुंबई।** फिल्म थामा में आयुष्मान खुराना एक वैंपायर के रोल में नजर आएंगे। फिल्म में हीरोइन के रोल में रश्मिका मंदाना हैं। अब वरुण धवन भी इस फिल्म का हिस्सा बन रहे हैं। यह फिल्म मैडॉक प्रोडक्शन की है। इससे पहले वह स्त्री 2 और भेड़िया जैसी हॉरर-कॉमेडी फिल्में बना चुके हैं। स्त्री 2 में भेड़िए के किरदार में वरुण धवन ने कैमियो किया। इसी तरह वह फिल्म थामा में नजर आएंगे। फिल्म थामा में वरुण धवन नजर आएंगे। वह आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की इस फिल्म की शूटिंग लगभग 6 दिन कर चुके हैं। इस फिल्म में वह अपने भेड़िए वाले रोल में नजर आएंगे। जबकि फिल्म थामा में आयुष्मान खुराना वैंपायर के रोल में दिखेंगे। फिल्म थामा में वरुण धवन की एंट्री से दर्शकों को वैंपायर और भेड़िए की टक्कर देखने को मिलेगी।

टीवी मसाला



# इन बच्चों ने सिर्फ डांस नहीं जिंदगी से लड़ना भी सीखा

**मुंबई।** सुपर डांसर 5 एक ऐसा मंच है जहां देश के टैलेंटेड बच्चे अपना हुनर दिखा रहे हैं। इस बार कुछ ऐसे कंटेस्टेंट्स भी इस डांस शो में शामिल हुए हैं जो सोशल मीडिया पर पहले से पॉपुलर हैं। अब वे सुपर डांसर 5 के मंच पर अपना टैलेंट दिखाकर खिताब जीतना चाहते हैं। सिर्फ 13 साल की उम्र में आध्याश्री सोशल मीडिया पर लाखों लोगों की तारीफ हासिल कर चुकी हैं आध्याश्री ने बताया, 'डांस मेरे अंदर अपने आप आ गया था। एक दिन गणपति फेस्टिवल के कॉम्पिटिशन में स्टेज पर चढ़ गई और बिना बताए डांस करना शुरू कर दिया। यहां तक कि मम्मा को भी नहीं पता था।' मुंबई तक का सफर आध्याश्री के लिए आसान नहीं था। वह कहती हैं, 'मम्मी गांव में रहती हैं, शहर की चीजें उन्हें नहीं पता थीं। सब मैंने सिखाया, कहां जाना है? क्या करना है? मम्मी ने मेरे लिए बहुत कुछ किया है, वो मम्मी भी हैं और पापा भी।' सोशल मीडिया पर आध्याश्री की रील्स लाखों बार देखी जाती हैं, इस डांस के पीछे की मेहनत पूरी तरह उनकी है। 10 साल के सोमांश, शांत स्वभाव के लेकिन अंदर से बहुत मजबूत हैं। उनके लिए ये 'सुपर डांसर 5' सिर्फ एक शो नहीं, अपनी मां का सपना पूरा करने का जरिया है। 'जब मैं छोटा था, मम्मी के साथ टीवी पर सुपर डांसर देखा करता था। मम्मी कहती थीं, 'काश मेरा बेटा भी एक दिन ऐसे डांस करे। आज जब मैं इस मंच पर खड़ा हूं, तो लगता है कि उनका सपना पूरा कर रहा हूं।' सोमांश ने बताया कि मम्मी ने उसके लिए सब कुछ झेला, हर मुश्किल खुद पर ली, जिससे बेटे का सपना जिंदा रहे। वह कहते हैं, मैं प्राउड से कह सकता हूं कि मेरी लाइफ में कोई तकलीफ नहीं आई, क्योंकि मम्मी ने सबकुछ पहले ही संभाल लिया था।

## 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' मचाएगा तूफान

**नई दिल्ली।** क्योंकि सास भी कभी बहू 29 जुलाई से शुरू हो रहा है। रात 10.30 बजे इसका पहला एपिसोड आएगा।. जहां एक बार फिर दर्शक अपनी चेहती तुलसी उर्फ स्मृति ईरानी को देख सकेंगे। हाल में ही खबरें आई थीं कि जेनिफर विंगेट का भी कैमियो देखने को मिलेगा। स्मृति ईरानी ने खुद कभी सास भी कभी बहू का प्रोमो शेयर किया हुआ है। जहां वह लाल साड़ी में बिल्कुल पुराने अंदाज में दिख रही हैं। वह घर की बहू के रूप बहुत ही खूबसूरत लग रही हैं। इस प्रोमो को देखते ही सबसे पहला कमेंट तो एक फैन का यही है कि आ गई तुलसी अनुपमा का पत्ता काटने. एक ने लिखा, एक बार फिर से इसे देखने में मजा आने वाला है। एक यूजर ने लिखा, 'ऐसा लग रहा है कि जैसे 2000 के वक्त में वापस पहुंच गए हैं। हर चीज में एक पुरानी यादों की खुशबू और सुकून भरी फीलिंग है। जैसे बचपन की गलियों में फिर से लौट आए हों।'



# सोशल मीडिया को बनाना होगा जिम्मेदार : वाणी

**मुंबई।** वेब सीरीज मंडला मर्डर्स से वाणी कपूर ओटीटी की दुनिया में कदम रख रही हैं। एक बातचीत में उन्होंने अपने किरदार की गहराइयों, मानसिक चुनौतियों, सोशल मीडिया ट्रोलिंग और उससे उबरने के सफर को साझा किया। साथ ही उन्होंने साइबर ट्रोलिंग के खिलाफ सख्त कानून बनाने की भी खुली अपील की। आजकल सोशल मीडिया हर किसी की जिंदगी का हिस्सा बन गया है। मुझे लगता है कि वहां कुछ नियम होने चाहिए। क्योंकि जो ट्रोलिंग और हेटफुल बातें कही जाती हैं, वो सिर्फ एक्टर्स को नहीं, बल्कि स्कूल-कॉलेज के बच्चों और आम लोगों को भी बहुत परेशान करती हैं। हमें इस बारे में खुलकर बात करनी चाहिए और साथ ही ये भी देखना चाहिए कि कुछ सख्त कानून बनें, ताकि ऐसे लोगों को रोका जा सके जो जानबूझकर दूसरों को दुख पहुंचाते हैं। आगे चलकर हमें सोशल मीडिया को एक जिम्मेदार और सुरक्षित जगह बनाना होगा। हां, कई बार ऐसा होता है। जब आप किसी गहरे रिश्ते में होते हैं, चाहे वो दोस्ती हो या कुछ भी। अगर वो रिश्ता किसी कारणवश टूट जाए, तो सवाल तो मन में उठते हैं। क्या मेरी गलती थी, क्या सामने वाला बदल गया, या हालात ऐसे हो गए थे? हर बार क्लोजर नहीं मिलता। कभी आप वजह जान लेते हैं और कभी बस स्वीकार करना होता है कि अब ये रिश्ता यहीं तक था।



# सैयारा से पहले इन फिल्मों ने तोड़ दिए थे दिल

*मुंबई।* *अहान पांडे और अनीत पड्डा की फिल्म 'सैयारा' ने बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी है। इस फिल्म में प्यार, यादगार किरदारों, तड़प और दिल टूटने की कहानी को बखूबी पेश किया गया है जिसने दर्शकों पर गहरा प्रभाव छोड़ा है। अगर, आपको मोहित सूरी की सैयारा पसंद आई है तो यकीनन ये फिल्में भी पसंद आएंगी।*

***आशिकी 2:*** *आदित्य रॉय कपूर और श्रद्धा कपूर स्टारर यह फिल्म एक दुखद प्रेम कहानी है। इसमें राहुल नाम का एक सितारा है जो अपनी चमक खो रहा है। लेकिन वह आरोही नाम की उभरती हुई स्टार को उसके सपनों को पूरा करने में मदद करता है, जबकि खुद अपने अंदर के संघर्षों से जूझ रहा है।*

***हमारी अधूरी कहानी:*** *यह फिल्म एक दुखद प्रेम कहानी है जो वसुंधा के बारे में है, एक महिला जो एक दर्दनाक शादी में फंसी हुई है। वह आरव के साथ सच्चा प्यार पाती है, लेकिन किस्मत और कर्तव्य उन्हें अलग कर देते हैं। इसमें इमरान हाशमी और विद्या बालन मुख्य भूमिकाओं में हैं।*

***रॉकस्टार:*** *रणबीर कपूर और नरगिस फाखरी की मुख्य भूमिकाओं वाली फिल्म 'रॉकस्टार' जनार्दन झाखड़ की कहानी है। जनार्दन एक भोला कॉलेज का लड़का है जो प्यार में पड़ने और अपनी सच्ची समझने वाली हीर को खोने के बाद एक परेशान रॉकस्टार में बदल जाता है।*





***सनम तेरी कसम:*** *यह फिल्म एक शर्मीली और पारंपरिक लड़की सरस्वती और एक गलत समझे गए विद्रोही की दिल तोड़ने वाली प्रेम कहानी को दर्शाती है। उनकी गहरी जुड़ाव बहुत देर से खिलता है, जो एक विनाशकारी त्रासदी में समाप्त होता है।*

***गजनी:*** *आमिर खान की फिल्म एक सफल बिजनेसमैन की कहानी है जो शॉर्ट-टर्म मेमोरी लॉस से पीड़ित है और अपनी प्रिय कल्पना (असिन) की हत्या का बदला लेने के लिए सुरागों को फोटो और टैटू के माध्यम से जोड़ता है। ये लव स्टोरी देख आप अपने आंसुओं को बहने से नहीं रोक पाएंगे.*

***फना:*** *आमिर खान और काजोल की मुख्य भूमिकाओं वाली यह फिल्म एक गहन प्रेम कहानी को दर्शाती है। इसमें जूनी, जो एक दृष्टिहीन टूर गाइड है, और रेहान, जो एक आकर्षक व्यक्ति है लेकिन उसका अतीत छुपा हुआ है, के बीच की प्रेम कहानी को दिखाया गया है। उनकी रोमांस की कहानी तब दुखद मोड़ लेती है जब रहस्य सामने आते हैं।*

***रांझणा:*** *यह फिल्म एक जुनूनी और समर्पित युवा की कहानी बताती है जो ज़ोया से गहरा प्यार करता है। उनकी प्रेम कहानी को किस्मत, राजनीति और दिल टूटने की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।*

***तेरे नाम:*** *सलमान खान और भूमिका चावला अभिनीत, तेरे नाम एक परेशान और जुनूनी युवक की कहानी है जिसकी निरजरा के प्रति गहरी प्रेम भावना दुखद मोड़ लेती है, जिससे दिल टूटने और निराशा का सामना करना पड़ता है।*

## अच्छी अदाकारी करने के लिए फिल्मफेयर अवॉर्ड से भी नवाजा गया

# चश्मे बद्दूर से किया डेब्यू, अधूरी रही रवि के निर्देशक बनने की ख्वाहिश

*नई दिल्ली। अभिनेता रवि बासवानी को फिल्म चश्मे बद्दूर और जाने भी दो यारो में बेहतरीन काम करने के लिए आज भी याद किया जाता है। फिल्म में अच्छी अदाकारी करने के लिए उन्हें फिल्मफेयर अवॉर्ड से भी नवाजा गया। वह बेहतरीन कॉमेडी के अलावा कैरेक्टर रोल के लिए भी जाने जाते हैं।*



### शुरुआती जीवन और पढ़ाई

रवि बासवानी का जन्म 29 सितंबर 1946 को एक जाट परिवार में हुआ था। उन्होंने अपनी शुरुआती शिक्षा सेंट जॉर्ज कॉलेज मसूरी से पूरी की। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोड़ीमल कॉलेज से स्नातक की उपाधि हासिल की। यहां वह केएमसी नाट्य समाज के सदस्य थे।

### हास्य के अलावा सीरियस रोल भी किए

30 साल के करियर में रवि बासवानी ने लगभग 30 फिल्मों में अभिनय किया। उन्होंने अपने कॅरियर की शुरुआत साल 1981 में रिलीज हुई फिल्म चश्मे बद्दूर से की। उन्होंने फिल्मों में एक हास्य अभिनेता के अलावा सीरियस रोल भी किए हैं। बासवानी ने बंटी और बबली और प्यार तूने क्या किया जैसी फिल्मों में चरित्र भूमिकाएं कीं।

### इन फिल्मों में निभाया दमदार किरदार

**जाने भी दो यारों** : फिल्म 'जाने भी दो यारों' साल 1983 में रिलीज हुई थी। इसमें उन्होंने सुधीर नाम का किरदार निभाया। यह किरदार एक पत्रकार का था। इस किरदार को निभाने के लिए उन्हें आज भी याद किया जाता है। फिल्म में उनका यह किरदार इतना अच्छा था कि इसके लिए उन्हें 1984 में सर्वश्रेष्ठ हास्य अभिनेता के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार दिया गया।

**चश्मे बद्दूर** : साल 1981 में रिलीज हुई फिल्म 'चश्में बद्दूर' में रवि बासवानी ने लखन पाल का किरदार निभाया। यह किरदार एक छात्र का था। यह उनकी पहली फिल्म थी। इस फिल्म में अभिनय के लिए उनकी काफी तारीफ हुई। इस फिल्म में फारूक शेख और दीप्ति नवल अहम किरदार में थे।



**कभी हां कभी ना** : साल 1994 में उनकी फिल्म 'कभी हां कभी ना' रिलीज हुई। इसमें उन्होंने अल्बर्ट गोंजाल्विस का किरदार निभाया। इसके लिए भी उनकी काफी तारीफ हुई। इस फिल्म में शाहरुख खान और सुचित्रा कृष्णमूर्ति अहम किरदार में थे।

***छोटा चेतन*** *: इसके बाद साल 1998 में फिल्म 'छोटा चेतन' रिलीज हुई। इसमें उन्होंने राजा का किरदार निभाया। यह मलयालम भाषा की फिल्म थी। इसमें उनके किरदार को पसंद किया गया।*

***चल मेरे भाई*** *: साल 2000 में आई फिल्म 'चल मेरे भाई' में रवि बासवानी ने एक वेटर का किरदार निभाया। उनके इस रोल की भी काफी सराहना हुई।*

***टीवी में भी किया काम*** *: एक टेलीविजन अभिनेता के रूप में, रवि बासवानी ने कई टीवी धारावाहिकों में अभिनय किया। उन्होंने 1980 के दशक में दूरदर्शन पर लोकप्रिय कॉमेडी धारावाहिक इधर उधर में काम किया। इस धारावाहिक में उन्होंने पाठक बहनों, सुप्रिया पाठक और रत्ना पाठक के साथ अभिनय किया था। इसके बाद वह एक से बढ़कर एक और जस्ट मोहब्बत (1997)' में नजर आए।*

### नसीरुद्दीन शाह के साथ संभाला पद

साल 2004 में जब भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान पुणे ने 26 वर्षों के बाद अपने अभिनय पाठ्यक्रम में कुछ बदलाव किए तो रवि बासवानी नसीरुद्दीन शाह के साथ इसके समन्वयक और शिक्षक बने। संस्थान के पाठ्यक्रम को नया रूप देने में इन्होंने भी अहम रोल निभाया। हालांकि, बसवानी ने अगले वर्ष संस्थान से इस्तीफा दे दिया।

### पहली फिल्म का निर्देशन से पहले निधन

रवि बासवानी ने कभी शादी नहीं की। वह जिंदगी भर अकेले ही रहे। 27 जुलाई 2010 को नैनीताल में दिल का दौरा पड़ने से बासवानी का निधन हो गया। वह अपनी पहली फिल्म निर्देशित करना चाहते थे। इसके लिए फिल्म की लोकेशन ढूंढ रहे थे। ऐसे में नैनीताल से दिल्ली जाते समय हल्द्वानी में उनका निधन हो गया। यह काफी दुखद रहा कि वह अपनी फिल्म का निर्देशन करने से पहले ही इस दुनिया को अलविदा कह गए।

## खबर संक्षेप

### ज्ञानगंगा स्कूल में ग्रीन-डे सेलिब्रेशन का आयोजन



**मल्दा।** शिवशक्ति ज्ञानगंगा इंग्लिश मीडियम स्कूल मल्दा में ग्रीन डे सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल के सभी शिक्षकों व सभी विद्यार्थियों द्वारा पौधारोपण किया गया। स्कूल के सीइओ रविशंकर साहु व डायरेक्टर जयराम साहू ने हरे रंग की महत्ता के बारे में बताते हुए बताया कि हरा रंग पवित्रता, अच्छाई तथा प्रकाश का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने बच्चों को पर्यावरण, पेड़ पौधों की सुरक्षा पर प्रकाश डाला व बताया कि जीवन जीने के लिए पेड़ पौधों का होना आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में सीइओ रविशंकर साहू व जयराम साहू द्वारा जिन बच्चों द्वारा सुंदर गमला लाया गया था उन बच्चों को मेडल प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में शिवशक्ति परिवार के सीईओ रविशंकर साहु , डायरेक्टर जयराम साहू , ममता साहू, सिमरन महंत, खुशी वैष्णव, संजना कश्यप, प्रिया कश्यप, यशोदा टंडन, सलीना कश्यप , कामिनी यादव, सावित्री कश्यप , पूनम कश्यप , पीलीबाई यादव , शंकरलाल, कीर्तन कुमार व समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### जिला स्तरीय उपभोक्ता जागरूकता शिविर कल

**मालखरौदा।** ब्लॉक मुख्यालय के सद्भावना भवन में 30 जुलाई को दोपहर 12 बजे अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन जिला शक्ति द्वारा जिला स्तरीय उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि जिले के कलेक्टर अमृत विकास टोपनो होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में अंकिता शर्मा पुलिस अधीक्षक शामिल होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जमुना प्रसाद चौहान प्रदेश उपाध्यक्ष अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन छत्तीसगढ़ करेंगे। इस कार्यक्रम के संयोजक योगेश कुमार यादव प्रदेश सचिव के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

### भीम आर्मी अध्यक्ष ने नवपदस्थ थाना प्रभारी से की मुलाकात



**शिवरीनारायण।** भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष दीपक मनहर एवं अन्य साथियों द्वारा नव पदस्थ थाना प्रभारी प्रवीण द्विवेदी से मुलाकात कर उनका स्वागत किया। उन्होंने थाना पहुंचकर द्विवेदी को गुलदस्ता भेंट कर शुभकामनाएं दीं और उनके कार्यकाल की सफलता की कामना की। इस अवसर पर आपसी सहयोग और कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने पर चर्चा हुई। थाना प्रभारी ने भी सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखने का भरोसा दिलाया। इस दौरान सामाजिक सद्भाव और समन्वय की भावना देखने को मिली,जिससे क्षेत्र में सकारात्मक संदेश गया। इस बीच दीपक मनहर,बसंत खरे सुरेश साहू मौजूद रहे।

### मुड़पार में ट्रांसफार्मर खराब, लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे ग्रामीण

**पामगढ़।** ग्राम पंचायत मुड़पार में ट्रांसफार्मर खराब होने के चलते ग्रामवासियों को लो वोल्टेज एवं बार-बार बिजली कटौती और ओवरलोड की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इसे देखते हुए सरपंच ने नया ट्रांसफार्मर लगाने विद्युत विभाग के अधिकारी को आवेदन दिया है। आवेदन देने के 6 दिन बाद भी विभाग नया ट्रांसफार्मर लगाने ध्यान नहीं दे रहा है। ग्राम पंचायत मुड़पार (चु.) के सरपंच मनोज कुमार यादव द्वारा 6 दिन पूर्व विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता को एक लिखित आवेदन दिया गया था, जिसमें वार्ड क्रमांक 01 में खराब ट्रांसफार्मर को बदल कर नए ट्रांसफार्मर की स्थापना की मांग की गई थी। ग्रामवासियों को कम वोल्टेज, बार-बार बिजली कटौती और ओवरलोड की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इसके चलते घरेलू कामकाज, छात्रों की पढ़ाई और व्यवसायिक गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। सरपंच ने बताया कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ट्रांसफार्मर शीघ्र लगाए जाने की मांग की गई थी, लेकिन 6 दिन बीत जाने के बाद भी विभाग की ओर से कोई कार्यवाही या निरीक्षण नहीं हुआ है, जिससे ग्रामवासियों में गहरी नाराजगी है।ग्राम पंचायत ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो ग्रामीण विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

### निधन

#### दिव्यांश पालीवाल

**अकलतरा।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक दिनेश पालीवाल के पुत्र दिव्यांश पालीवाल का आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सोमवार 28 जुलाई को 10:30 बजे कॉलेज रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे मनीष पालीवाल, मुकेश पालीवाल, जितेंद्र पालीवाल, रमेश पालीवाल, महेश पालीवाल, हितेश पालीवाल एवं अंकुश पालीवाल के भतीजे थे।

जगह-जगह निकाली गई कांवड़ यात्रा, जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक का चलता रहा दौर

# तीसरे सोमवार पर शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले सहित अंचल के शिव मंदिरों में सावन मास के तीसरे सोमवार पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। खरौद, पीथमपुर, नवागढ़, तुर्रीधाम सहित अन्य शिवालयों में तड़के 4 बजे से लेकर दोपहर तक भगवान शिव की पूजा-अर्चना के अलावा जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक का दौर चलता रहा। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। श्रद्धालु की भीड़ को देखते हुए मंदिर के बाहर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया गया था।

धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान शिव को श्रावण मास अत्यंत प्रिय है। सोमवार को भगवान शिव का वार माना जाता है। ऐसे में श्रावण मास के सोमवार को भगवान शिव के दुग्धाभिषेक या जलाभिषेक के साथ ही पूजा-अर्चना को अत्यंत फलदायी माना जाता है। 28 जुलाई को श्रावण मास के तीसरे सोमवार पर जिला मुख्यालय जांजगीर के सेंधरवार महादेव, नहरिया बाबा मार्ग स्थित शिव मंदिर के अलावा, चांपा नगर के विभिन्न शिवालयों सहित समीपस्थ ग्राम पीथमपुर के भगवान कलेश्वर नाथ मंदिर में भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने तड़के से लेकर दोपहर तक श्रद्धालुओं विषेशकर महिलाओं का तांता लगा रहा। इसी तरह लक्ष्मणेश्वर धाम खरौद, लिंगेश्वर महादेव नवागढ़, सक्ती के तुर्रीधाम में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। लोगों ने श्रद्धा-भक्ति के साथ पूजा की। इस दौरान भक्त अपने हाथों बेलपत्र, चॉवल, घतुरा फूल, नारियल समी पत्र सहित जल से भगवान शंकर की पूजा अर्चना की। सावन में होने वाले सोमवारो का हिंदू धर्म और मानव जीवन में बड़ा ही महत्व है। धर्म की माने तो मां पार्वती सावन सोमवार को भोलेनाथ और वरदानी शिवजी का उपासना करती थी स्वयं शिव की प्राप्ति के लिए सावन सोमवार को शिव का उपासना करने और जलाअभिषेक करने वाले भक्तों का मनोकामना पूर्ण होता है, जो युवती कुंवारी अवस्था में भगवान शिव की उपासना कर जलाभिषेक करती है उनके मनचाहा वर मिलता है और शादीशुदा जनमानस को शिव की कृपा से उनके जीवन में भी धन-धान्य उन्नति प्रगति बनी रहती है। व्यवस्था बनाने पुलिस के साथ मंदिर प्रशासन समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य जुटे रहे। धार्मिक मान्यतानुसार शिव पूजा के लिए विशेष माने जाने वाला सावन का पावन महीना 11 जुलाई से शुरू हुआ है जो रक्षाबंधन तक चलेगा। कई श्रद्धालु पूरे माहभर दाड़ी व बाल कटिंग नहीं कराते है तो मांस-मदिरा के सेवन से भी लोग बचते है।



लक्ष्मणेशवर मंदिर में पूजा-अर्चना करने कतार में खड़े श्रद्धालु।

## ब्रह्मोश मिसाइल के तर्ज पर निकली कांवड़ यात्रा

**शिवरीनारायण।** धार्मिक नगरी शिवरीनारायण के ऐतिहासिक रपटा घाट से ऑपरेशन सिंदूर ब्रह्मोस मिसाइल की तर्ज पर विशाल कांवड़ यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में हजारों की संख्या में महिलाएं,युवा,बुजुर्ग और बच्चे शामिल हुए। सभी कांवड़ यात्रा में सहभागी बने।

यात्रा की शुरुआत के साथ ही पूरा वातावरण बोल बम, हर-हर महादेव के जयघोषों से गूंज उठा। भक्ति गीतों की मधुर धुनों पर श्रद्धालु जमकर थिरकते नजर आए। नगर के पिंकू महराज, पार्षद अंकुर गोयल, भाजयुमो नेता ललित कश्यप आकाश यादव और अनेकों श्रद्धालु अपने कंधों पर कांवड़ उठाए, जिसमें गंगाजल और पवित्र नदियों का जल भरकर छत्तीसगढ़ की काशी के रूप में प्रसिद्ध स्थल की ओर प्रस्थान किया। भक्तों का यह जत्था पूरी तरह अनुशासित था,जिसमें महिलाओं की विशेष भागीदारी ने आयोजन को और भी गरिमामयी बना दिया। कांवड़ यात्रा रपटा घाट से प्रारंभ होकर केरा चौंक,थाना मोड़,वीडियो चौंक और शबरी चौंक से होते हुए आगे बढ़ी। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं के स्वागत हेतु विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों समाजसेवियों,और स्थानीय नागरिकों ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किए। महाकाल नगरी उज्जैन की तर्ज पर गौरा-गौरी के रूप में निकली पालकी सवारी जिसे विभिन्न रंग बिरंगे फूलों से सजाया गया था। इसके अलावा आदियोगी की जीवंत झांकी एक विशाल आदियोगी की मूर्ति जो इस कांवड़ यात्रा की आध्यात्मिक ऊंचाई और महत्ता को दर्शाता है। इस विशाल आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए स्थानीय प्रशासन पुलिस बल,नगर के लोगो ने भी पूरा सहयोग दिया। यात्रा मार्ग पर जगह जगह सीसीटीवी कैमरे और पुलिस पेट्रोलिंग टीम तैनात की गई थी ताकि किसी भी प्रकार की समस्या निर्मित न हो। सभी वर्ग,समुदाय और आयु वर्ग के लोगों ने मिलकर इस आयोजन में भाग लिया। यह आयोजन श्रद्धा,अनुशासन सामाजिक सहयोग और एकजुटता का एक उत्कृष्ट उदाहरण बन गया। कांवड़ सेवा समिति, स्थानीय नागरिक और विभिन्न स्कूल व कॉलेज के छात्रों ने यात्रा की व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। युवाओं ने भी हाथ बंटाते हुए भक्ति गीतों की में जमकर थिरके नृत्य व झांकियों के माध्यम से शिव महिमा का वर्णन किया। ऑपरेशन सिंदूर ब्रह्मोस के तर्ज पर निकले कांवड़ यात्रा को देखने दूर दूर से लोग धार्मिक नगरी पहुंचे थे।



ब्रह्मोश मिसाइल के तर्ज पर निकली कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

## चित्रकला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्रणव को मिला प्रशस्ति पत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

प्रांत स्तरीय युवा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में बाल संस्कार शाला द्वारा ऑनलाइन प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित किया गया इस प्रतियोगिता में चित्रकला के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ज्ञान भारती स्कूल जांजगीर मैं अध्यनरत कक्षा सातवीं के छात्र प्रणव वैष्णव माता श्रीमती निष्ठा वैष्णव को चांपा के गायत्री मंदिर में रविवार 27 जुलाई को आयोजित कार्यक्रम के दौरान श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया इस दौरान श्रीमती ऋतंभरा कौशिक निर्मला यादव रागिनी कश्यप किशोरी सोनी सावित्री राठौर संजू जायसवाल प्रहलाद राठौड़ संतोष कश्यप विजय वाजपेई सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## शिवरीनारायण में श्रावण झूले का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

धर्म एवं आध्यात्म की पावन धरा श्री शिवरीनारायण में श्रावण झूले का शुभारंभ 28 जुलाई श्रावण शुक्ल पक्ष तृतीया को शाम 7 बजे हुआ। महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज ने दीप प्रज्वलित कर भगवान की विधिवत पूजा अर्चना की। तत्पश्चात श्रद्धालु भक्तों ने बारी-बारी से पूजा अर्चना कर दर्शन लाभ प्राप्त किया। दर्शनार्थियों को प्रसाद वितरित किया गया। इसके साथ ही पूरे शिवरीनारायण नगर में श्रवण झूले का शुभारंभ हो गया है। शिवरीनारायण मंदिरों का शहर है यहां अनेक मंदिर स्थित हैं। प्रत्येक मंदिरों को विद्युत की रोशनी से सजाया गया है, फूलों से सुसज्जित झूला बनाकर भगवान को विराजित करके सभी जगह श्रावण झूला आयोजित किए गए हैं। अपने संदेश मे राजेश्री महन्त ने कहा है कि- जब से शिवरीनारायण भगवान का प्रादुर्भाव हुआ है, वे जब से विराजित हुए हैं तब से लेकर आज पर्यंत यहां प्रत्येक वर्ष श्रावण शुक्ल तृतीया को श्रावण झूला का शुभारंभ होता है। यह झूला महोत्सव श्रावण पूर्णिमा तक आयोजित होगा। झूला का समय प्रत्येक दिवस शाम 5 बजे से लेकर रात्रि 10 बजे तक निर्धारित है। उन्होंने श्रद्धालु भक्तों से आग्रह किया कि सभी यहां पहुंचकर भगवान को झूला झुलाकर अपना जीवन धन्य बनाएं, पुण्य लाभ अर्जित करें। उन्होंने भगवान से संपूर्ण जगत के कल्याण की कामनाएं की। इस अवसर पर विशेष रूप से त्यागी जी महाराज, सुखराम दास, योगेश शर्मा, देवालाल सोनी, हिमांशु तिवारी, पुरेंद्र सोनी, आदित्य जी, राजीव त्रिपाठी, राजू गुप्ता, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव सहित अनेक गणमान्य नागरिक व श्रद्धालु भक्तगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

- **झूला महोत्सव श्रावण पूर्णिमा तक होगा आयोजित**



भगवान को झूला झुलाते महामंडलेश्वर राजेश्री महंत रामसुंदर दास।

## न्योता भोज व्यक्ति विशेष स्मृति को संजोकर रखने का बेहतर माध्यम

**अकलतरा।** प्रधानमंत्री पोषण कार्यक्रम के तहत शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला अकलतरा में न्योता भोजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अतिथि एवं शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री पोषण योजना के अंतर्गत न्योता भोजन जैसे कार्यक्रमों में समुदाय की सहभागिता आवश्यक है। न्योता भोजन समुदाय के किसी भी व्यक्ति के विशेष स्मृति को संजोकर रखने का बेहतर माध्यम होने के साथ-साथ विद्यार्थियों को पौष्टिक भोजन प्रदान करने का एक सुअवसर सिद्ध हो सकता है। संस्था प्रमुख रविंद्र कुमार सिंह बैस ने कहा कि न्योता भोजन का आयोजन कोई भी नागरिक , पालकगण तथा इच्छुक व्यक्ति अपने परिजनों के जन्म तिथि, पुण्यतिथि, शादी की सालगिरह एवं अन्य मांगलिक अवसर पर विद्यालय में आकर न्योता भोजन का आयोजन कर सकता है। बच्चों को केला, जलेबी, समोसा, दाल, भात, चना आलू की सब्जी खिलाया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक श्रीमती राम कुमारी साहू, अंबिका , विमला बघेल, नीलम धीरही, प्रेमलता कुर्रे, गीता सावलानी, धनाराम राय, रामेश्वर प्रसाद जगत, पुष्पा जयसवाल, अर्चना शर्मा, प्रियंका सिंह, स्नेहा खरवार, जगन्नाथ प्रसाद जगत, कांति साहू, बल्लू साहू एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



## प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने पर्यावरण संरक्षण जरुरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

शासकीय प्राथमिक पूर्व माध्यमिक शाला सेमरिया विकास खंड बम्हनीडीह में प्रभारी प्रधान पाठक उमेश कुमार दुबे एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन में विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने के लिए पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों को सुरक्षित रखने की आवश्यकता के बारे में जागरूकता पैदा करने जल,वन और खनिजों जैसे संसाधनों को बर्बाद या नष्ट होने से बचाने के लिए छात्र-छात्राओं, शिक्षक व महिला स्व-सहायता समूह ने प्रार्थना के पश्चात संकल्प लिया ताकि सभी स्वस्थ रहें और आने वाले पीढ़ियों के लिए उपलब्ध रहे।

शिक्षक पितांबर प्रसाद कश्यप ने प्रकृति संरक्षण के बारे में शपथ दिलाई और बताया कि हमें पृथ्वी की रक्षा करनी चाहिए और उसकी संतुलित प्रवृत्तियों को सुरक्षित रखना चाहिए। हमें वन्य जीवन की रक्षा रक्षा करनी चाहिए। स्वच्छ पर्यावरण के लिए कचरा कम करें,पानी बचाएं,ज्यादा पेड़ लगाए।हम अपने एकमात्र घर हमारी-पृथ्वी को बचाने का संकल्प ले। जय मां संतोषी महिला स्व-सहायता समूहों (मध्यान्ह भोजन) द्वारा स्कूल में पौधारोपण कर संरक्षण करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पितांबर प्रसाद कश्यप, टीकाराम गोपालन, कैलाश खूंटे,एकादशिया मांझी, कौशल यादव, अनुपमा जांगड़े, अशोक जांगड़े राम कुमारी कश्यप, शांति बाई कश्यप, सकरेलीन आदि उपस्थित रहे।



शपथ लेते छात्र-छात्राएं।

## ट्रेन से टकराकर बालिका गंभीर, बाल-बाल बची मासूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

बिलासपुर-रायगढ़ मेमू लोकल ट्रेन से टकराकर भोजपुर के पास एक बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई वहीं उसकी छोटी बहन जाको राखे साइया मार सके न कोय वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए बाल बाल सुरक्षित बच गई।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मूल रूप से कतिया पारा बिलासपुर निवासी अमित श्रीवास्तव इन दिनों सहपरिवार नगर के भोजपुर में निवास कर रहे है। रविवार 27 जुलाई को दोपहर 12 बजे उनकी 11 वर्षीय पुत्री रिद्धि श्रीवास्तव अपने 2 वर्षीय छोटी बहन विभा श्रीवास्तव को लेकर भोजपुर से होकर गुजरने वाली रेल लाइन को पार कर रही थी। इस दौरान अचानक सामने से बिलासपुर-रायगढ़ मेमू ट्रेन के आने से वह हड़बड़ा गई जिसके कारण ट्रेन के इंजन से उसका सिर टकरा गया जिससे उसे गंभीर चोट आई। इसके अलावा उसकी 2 वर्षीय छोटी बहन इस दुर्घटना के बावजूद सुरक्षित बच गई। हादसे के तुरंत बाद बिलासपुर-रायगढ़ ट्रेन के लोको पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए बालिका को ट्रेन में बैठाकर चांपा स्टेशन पहुंचा। यहां जीआरपी पुलिस को सुपुर्द कर दिया। इसके बाद जीआरपी द्वारा गंभीर रुप से घायल बालिका को उपचार के लिए शासकीय बिसाहूदास महंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए उसे जिला अस्पताल जांजगीर रिफर कर दिया है।

कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
फेस लिफ्ट



■ बोटाक्स/फिलर
■ थ्रेड लिफ्ट
■ स्किन पॉलिशिंग
■ लेज़र फेशियल
Ajay Advt.
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060

आयुष स्वास्थ्य मेले का 321 लोगों ने उठाया लाभ

## आयुर्वेद पद्धति में जड़ से होता है बीमारी का उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन ग्राम सारसडोल में किया गया। शिविर में 321 ग्रामीणों का निःशुल्क परीक्षण कर औषधी वितरित की गई। वहीं 45 लोगों की शुगर जांच व 32 की हीमोग्लोबिन जांच की गई।

ग्राम सारसडोल में एक दिवसीय विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन आयुर्वेद विभाग के जिला नोडल अधिकारी डॉ. अनिल पटेल के नेतृत्व में हुआ। मुख्य अतिथि कवि शरण वर्मा अध्यक्ष, जनपद पंचायत मालखरौदा ने भगवान धन्वंतरी का पूजन कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री वर्मा ने अपने संदेश में कहा कि ऐसे आयोजन विभिन्न ग्रामों में नियमित होना चाहिए जिससे अधिक से अधिक लोग आयुर्वेद की लाभकारी परंपरा से जुड़ें। ग्राम पंचायत भठोरा की सरपंच श्रीमती रेणु चंद्रा ने आयुर्वेद को भारतीय चिकित्सा की आत्मा बताते हुए इसे रोगों की लाक्षणिक नहीं बल्कि जड़ से समाधान देने वाली विधा कहा। भाजपा मंडल महामंत्री राजेश चंद्रा ने क्षेत्रवासियों से इस शिविर का लाभ लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य श्रीमती बसंती आनंददास महंत, सरपंच प्रतिनिधि खेमड़ा भोजराम साहू, सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत भठोरा संतोष चंद्रा, सरपंच प्रतिनिधि नावागांव मुंशीलाल रात्रे सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. मोनिका गबेल एवं डॉ. आकांक्षा वैस ने 321 नागरिकों का निःशुल्क परीक्षण किया और औषधियां वितरित कीं। 45 लोगों की शुगर जांच व 32 की हीमोग्लोबिन जांच की गई। कार्यक्रम संचालन व आभार प्रदर्शन डॉ. जवाहरलाल बंजारे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विभागीय स्टाफ महेंद्र पटेल, दुजेराम टंडन, ओंकार साहू, अशोक कुमार सिंह, बरत राम सहिस, हेम कुमार रात्रे, ओमप्रकाश पात्रे, बसंती खूंटे रघुवर सिदार, घनश्याम यादव के साथ योग प्रशिक्षक डिलेश्वर रात्रे व फुलेश्वर मैत्री, एवं जनप्रतिनिधियों और ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा।




शिविर में उपचार कराने पहुंचे ग्रामीण।

online Booking:-www.tripuryatra.com



Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर,
18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ , जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/- , 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411